# छत्तीसगढ़ राज्य में राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक की नियुक्ति हेतु सूचना

IndianOil | Bharat Petroleum | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP

1. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल) एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एचपीसीएल) छत्तीसगढ़ राज्य में निम्नलिखित विभिन्न श्रेणियों से संबंध रखनेवाले प्रत्याशियों में से नीचे दिए स्थानों पर अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक (आरजीजीएलवी) की नियुक्ति करने का प्रस्ताव करते हैं:

| क्र. | ऑयल कंपनी | लोकेशन का नाम (शहर गाँव/वों) | ग्राम/नगर पंचायत का नाम | तहसील का नाम | जिला | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईओसी | निपनिया, सिंगारपुर, कोसमांडी, कडार | निपनिया, सिंगारपुर, कोसमांडी, कडार | भाटापारा | बालौदा बाजार | ओबीसी |
| 2 | आईओसी | ओड़ान, वटगन, सिसदेवरी | ओड़ान, वटगन, सिसदेवरी | पलारी | बालौदा बाजार | ओपन |
| 3 | आईओसी | हथबंध | हथबंध | सिमगा | बालौदा बाजार | ओपन |
| 4 | आईओसी | रामचंद्रपुर, महाराजगंज | रामचंद्रपुर, महाराजगंज | रामचंद्रपुर | बलरामपुर | ओबीसी |
| 5 | आईओसी | अदावल | अदावल | जगदलपुर | बस्तर | एसटी |
| 6 | आईओसी | बालसमुंद, मोरेगा, घटोली, भैंसा, छितापर, अर्जुनी | बालसमुंद, मोरेगा, घटोली, भैंसा, छितापर, अर्जुनी | बेमेतरा | बेमेतरा | ओपन (जीपी) |
| 7 | आईओसी | बेलगहना | बेलगहना | कोटा | बिलासपुर | ओबीसी |
| 8 | आईओसी | टुंडरी, केनापाली, बारादरहा कंवली | टुंडरी, केनापाली, बारादरहा कंवली | डभरा | जाजंगीर-चांपा | एससी |
| 9 | आईओसी | दुधावा, चोरिया, शामतारा, घोटियावाही, मावलीपारा | दुधावा, चोरिया, शामतारा, घोटियावाही, मावलीपारा | नरहरपुर | कांकेर | एसटी |
| 10 | आईओसी | बड़ेकनेरा, करंजी, राजागाँव | बड़ेकनेरा, करंजी, राजागाँव | कोंडागॉव | कोंडागॉव | एसटी |
| 11 | आईओसी | करतला, कोटमेर, पिडिया | करतला, कोटमेर, पिडिया | करतला | कोरबा | ओबीसी |
| 12 | आईओसी | पासान, लैंगी | पासान, लैंगी | पोडी उपरोदा | कोरबा | एसटी |
| 13 | आईओसी | खडगावाँ, थानगांव | खडगावाँ, थानगांव | खडगावाँ | कोरिया | एसटी |
| 14 | आईओसी | केलहारी, मनवारी, चरवाही, केवटी | केलहारी, मनवारी, चरवाही, केवटी | मनेन्द्रगढ़ | कोरिया | एसटी (जीपी) |
| 15 | आईओसी | अखरार, डिडौरी, तिलकपुर | अखरार, डिडौरी, तिलकपुर | लोरमी | मुंगेली | ओबीसी |
| 16 | आईओसी | छाल, नवापारा, बोजिया | छाल, नवापारा, बोजिया | धरमजयगढ़ | रायगढ़ | ओपन |
| 17 | आईओसी | धौराभाटा, डोंगामहुआ, ऊर्जानगर | धौराभाटा, डोंगामहुआ, ऊर्जानगर | तमनार | रायगढ़ | एसटी |
| 18 | आईओसी | पुंजीपतरा, गेरवानी, तराईमाल, तुमिडिह, भालूमार | पुंजीपतरा, गेरवानी, तराईमाल, तुमिडिह, भालूमार | घरघोडा | रायगढ़ | ओबीसी (जीपी) |
| 19 | आईओसी | कोंडातराई, पटेलपाली | कोंडातराई, पटेलपाली | पुसौर | रायगढ़ | ओपन (सीसी) |
| 20 | आईओसी | सारागॉव | सारागॉव | धरसींवा | रायपुर | ओपन |
| 21 | आईओसी | चिलहाटी, आमाटोला, रेंगाकथेरा, मांगूटोला | चिलहाटी, आमाटोला, रेंगाकथेरा, मांगूटोला | अंबागढ़ चौकी | राजनांदगाँव | एसटी |
| 22 | आईओसी | करवा, लटोरी | करवा, लटोरी | सूरजपुर | सूरजपुर | ओबीसी |
| 23 | बीपीसी | अकलतरी, टेकर, सिघरी | अकलतरी, टेकर, सिघरी | बिलासपुर | बिलासपुर | एससी |
| 24 | बीपीसी | बेलरगांव | बेलरगांव | नगरी | धमतरी | ओपन (जीपी) |
| 25 | बीपीसी | अमलेश्वर, सांकरा, महुदा | अमलेश्वर, सांकरा, महुदा | पाटन | दुर्ग | ओपन |
| 26 | बीपीसी | लोदाम, जामटोली | लोदाम, जामटोली | जशपुर | जशपुर | ओबीसी |
| 27 | बीपीसी | कोयलीबेड़ा | कोयलीबेड़ा | पखांजुर | कांकेर | ओपन |
| 28 | बीपीसी | पीपरा | पीपरा | केशकाल | कोंडागॉव | एसटी |
| 29 | बीपीसी | माकडी, हाडीगांव, जरन्डी | माकडी, हाडीगांव, जरन्डी | माकडी | कोंडागॉव | ओपन |
| 30 | बीपीसी | नागपुर, बरबसपुर | नागपुर, बरबसपुर | मनेन्द्रगढ़ | कोरिया | ओबीसी |
| 31 | बीपीसी | कापू, अलोला | कापू, अलोला | धरमजयगढ़ | रायगढ़ | ओबीसी |
| 32 | बीपीसी | सिलयारी कुरूद | सिलयारी कुरूद | रायपुर | रायपुर | ओपन |
| 33 | बीपीसी | दनगढ़, सोमाटोला, गोटाटोला | दनगढ़, सोमाटोला, गोटाटोला | मोहला | राजनांदगॉव | ओबीसी |
| 34 | एचपीसी | पेरी, माहुद, बिरेतरा, हल्दी | पेरी, माहुद, बिरेतरा, हल्दी | गुण्डरदेही | बालोद | ओबीसी |
| 35 | एचपीसी | सुहेला, भटबेहरा, सकलोर, सिनौरा | सुहेला, भटबेहरा, सकलोर, सिनौरा | सिमगा | बलोदा बाजार | ओबीसी |
| 36 | एचपीसी | बेलतरा, लिम्हा | बेलतरा, लिम्हा | बिलासपुर | बिलासपुर | ओबीसी |
| 37 | एचपीसी | सिंघरा, लिमगाँव, पर्सा | सिंघरा, लिमगाँव, पर्सा | मालखरौदा | जाजंगीर-चांपा | एससी |
| 38 | एचपीसी | कोरर, बैजनपुरी शैलेगाँव | कोरर, बैजनपुरी शैलेगाँव | भानुप्रतापपुर | कांकेर | एसटी |
| 39 | एचपीसी | अरौद, कुर्रुभाट, टाहकापार, जेपरा | अरौद, कुर्रुभाट, टाहकापार, जेपरा | चारामा | कांकेर | एसटी |
| 40 | एचपीसी | धनोरा, बिन्छे, तोडासी | धनोरा, बिन्छे, तोडासी | केशकाल | कोंडागॉव | एसटी |
| 41 | एचपीसी | सतरेंगा, धनगाँव, गढ़उपरोडा | सतरेंगा, धनगाँव, गढ़उपरोडा | कोरबा | कोरबा | ओपन |
| 42 | एचपीसी | झलप | झलप | महासमुंद | महासमुंद | ओपन |
| 43 | एचपीसी | हाटी, जोगडा, पुरुंगा | हाटी, जोगडा, पुरुंगा | धरमजयगढ़ | रायगढ़ | ओबीसी |
| 44 | एचपीसी | गोढ़ी, नगपुरा, दरभा, जुगेसर | गोढ़ी, नगपुरा, दरभा, जुगेसर | आरंग | रायपुर | ओबीसी |

**पुन: विज्ञापन लोकेशन**

| क्र. | ऑयल कंपनी | लोकेशन का नाम (शहर गाँव/वों) | ग्राम/नगर पंचायत का नाम | तहसील का नाम | जिला | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | आईओसी | भानपुरी | भानपुरी | बस्तर | बस्तर | ओपन |
| 46 | आईओसी | दगौरी, अमेरी-अकबरी, गोढ़ी, मुरकुटा, उटगाँव | दगौरी, अमेरी-अकबरी, गोढ़ी, मुरकुटा, उटगाँव | बिल्हा | बिलासपुर | ओबीसी |
| 47 | आईओसी | दोंदरो, बेला, जामबहार | दोंदरो, बेला, जामबहार | कोरबा | कोरबा | ओपन |
| 48 | आईओसी | सरगाँव | सरगाँव | पथरिया | मुंगेली | एससी |
| 49 | आईओसी | बरमकेला, लोधिया, कंचनपुर, जनकपुर | बरमकेला, लोधिया, कंचनपुर, जनकपुर | बरमकेला | रायगढ़ | ओपन |
| 50 | आईओसी | भूपदेवपुर, बिलासपुर, रक्सापाली | भूपदेवपुर, बिलासपुर, रक्सापाली | खरसिया | रायगढ़ | ओपन |
| 51 | आईओसी | जामगॉव, महापल्ली | जामगॉव, महापल्ली | रायगढ़ | रायगढ़ | ओपन |
| 52 | बीपीसी | बिंद्रानवागढ़, हथबाय, बोईरगांव, कसावाय, सातधार | बिंद्रानवागढ़, हथबाय, बोईरगांव, कसावाय, सातधार | बिंद्रानवागढ़ | गरियाबंद | ओपन |
| 53 | बीपीसी | लखनपुर, उडकुडा (उरकुरा), खैरखेड़ा, चिनौरी, तारसगांव | लखनपुर, उडकुडा (उरकुरा), खैरखेड़ा, चिनौरी, तारसगांव | चरामा | कांकेर | ओपन |
| 54 | बीपीसी | सोनहत, सलगवांकला | सोनहत, सलगवांकला | सोनहत | कोरिया | ओपन |
| 55 | एचपीसी | दाड़ी, छिरहा, सेमरिया | दाड़ी, छिरहा, सेमरिया | बेमेतरा | बेमेतरा | ओपन |
| 56 | एचपीसी | भोपालपट्नम, रुद्राम, गोलागुडा | भोपालपट्नम, रुद्राम, गोलागुडा | भोपालपट्नम | बीजापुर | ओपन |
| 57 | एचपीसी | केन्दा, छतौना, सिलपहरी, छुरैली | केन्दा, छतौना, सिलपहरी, छुरैली | कोटा | बिलासपुर | ओपन |
| 58 | एचपीसी | घोघर, सराईपनी | घोघर, सराईपनी | बगीचा | जशपुर | ओपन |
| 59 | एचपीसी | सन्ना, डूमरकोना | सन्ना, डूमरकोना | बगीचा | जशपुर | ओपन |
| 60 | एचपीसी | ओडगी, खर्रा, पालदनौली, मादर, इन्द्रपुर | ओडगी, खर्रा, पालदनौली, मादर, इन्द्रपुर | ओडगी | सूरजपुर | ओपन |

| **प्रयुक्त नामावली इस प्रकार है :** | |
|---|---|
| ओपन | – खुली श्रेणी |
| एससी/एसटी | – अनुसूचित जाति श्रेणी/अनुसुचित जनजाति श्रेणी |
| ओबीसी | – अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी |
| ओपन (जीपी) | – सरकारी कार्मिक श्रेणी के अंतर्गत रक्षा कर्मिक, केन्द्रीय/राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी, जो खुली श्रेणी में आते हैं । |
| ओपन(सीसी) | – संयुक्त श्रेणी के अंतर्गत शारिरीक विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) एवं स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), जो खुली श्रेणी में आते हैं । |
| एससी/एसटी (जीपी) | – सरकारी कार्मिक श्रेणी के अंतर्गत रक्षा कार्मिक, केन्द्रीय/ राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय/राज्य के उपक्रम के कर्मचारी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आते हैं। |
| एससी/एसटी (सीसी) | – संयुक्त श्रेणी के अंतर्गत शारिरीक विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) एवं स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आते हैं। |
| ओबीसी (जीपी) | – सरकारी कार्मिक श्रेणी के अंतर्गत रक्षा कार्मिक, केन्द्रीय/राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी, जो अन्य पिछाड़ावर्ग श्रेणी में आते हैं। |
| ओबीसी (सीसी) | – संयुक्त श्रेणी के अंतर्गत शारिरीक विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) एवं स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), जो अन्य पिछड़ावर्ग श्रेणी में आते हैं। |

2. **केवल व्यक्तिगत** उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं। तथापि, नियुक्ति के बाद सभी आरजीजीएलवी आवेदक और उसकी पत्नी/पति के नाम संयुक्त रुप से होंगे (अर्थात पत्नी/पति आरजीजीएलवी के सह-स्वामी होंगे) उस स्थिति में, जब कोई आवेदक अविवाहित/परित्यक्त/विधवा/विधुर है तो उसे यह घोषणा करनी होगी कि विवाह/पुनर्विवाह के पश्चात वह उसकी पत्नी/पति को सह-स्वामी बनाएगा। सह स्वामी अर्थात जीवनसाथी 50 प्रतिशत का भागीदार होगा, चाहे उसकी आयु, योग्यता और रोजगार कोई भी हो। व्यक्तिगत आवेदकों को अपने जीवनसाथी के अलावा किसी अन्य के साथ भागीदारी की अनमुति नहीं दी जाएगी।

3. **सभी श्रेणियों के लिए सामान्य पात्रता मापदंड :**

आरजीजीएलवी के लिए आवेदन करनेवाले आवेदक को

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए।

(ख) उस ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए जिसमें आरजीजीएलवी स्थान विज्ञापित है या विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान के तालुका/तहसील का निवासी हो। आरजीजीएलवी के चयन के लिए पहली प्राथमिकता विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान की ग्राम पंचायत में रहने वाले आवेदकों को दी जाएगी, ऐसा न होने पर विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान के संबंधित तालुका/तहसील में रहनेवाली आवेदकों को दी जाएगी।

(ग) मान्यताप्राप्त बोर्ड से न्यूनतम दसवीं कक्षा अथवा समकक्ष उत्तीर्ण की हो। यह शर्त स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ) श्रेणी के आवेदकों के लिए लागू नहीं है।

(घ) आवेदन करने की तारीख को आवेदक की आयु, सरकारी कार्मिक (जीपी), श्रेणी और स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ) श्रेणी तथा ओएमसी के एसकेओ डीलरों, के आवेदकों के अलावा, 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। जीपी श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने की स्थिति में आवेदन करने की तिथि पर आयु 21 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ओएमसी के एसकेओ डीलरों की श्रेणी के आवेदकों के लिए आवेदन की तारीख को ऊपरी आयु सीमा अधिकतम 60 वर्ष होगी।

(ङ) आवेदन की तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के कर्मचारियों के परिवार के सदस्य न हों। ओएमसी कर्मचारी के संबंध में परिवार की परिभाषा है :

1) कर्मचारी की पत्नी या पति, जो भी लागू हो चाहे उसके साथ रहते हो या नहीं रहते हों, परंतु इसमें वह पति या पत्नी, जो भी लागू हो, शामिल नहीं हैं, जो एक न्यायिक निर्णय या सक्षम न्यायालय के आदेश द्वारा कर्मचारी से अलग हो गये हों।

2) कर्मचारी के पुत्र या सौतेले पुत्र या सौतेली पुत्रियां और उन पर पूरी तरह आश्रित हो, परंतु इसमें ऐसा बच्चा या सौतेला बच्चा शामिल नहीं है जो अब कर्मचारी पर किसी भी प्रकार से आश्रित नहीं है या कर्मचारी को जिसके संरक्षण से कानून के तहत या द्वारा वंचित किया गया है।

3) कर्मचारी के साथ रक्त संबंध या विवाह के जरिए संबंध रखने वाला व्यक्ति या उक्त कर्मचारी की पत्नी या पति या उक्त कर्मचारी पर पूरी तरह आश्रित व्यक्ति।

(च) मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप के मापदंड पूरे करने होंगे :

मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप का अर्थ है कि आवेदक अथवा पारिवारिक इकाई के किसी अन्य सदस्य के पास किसी सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल कंपनी की डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप/आरजीजीएलवी नहीं होनी चाहिए अथवा डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप/आरजीजीएलवी के लिए आशय पत्र (एलओआई) नहीं होनी चाहिए अर्थात एक पारिवारिक इकाई को पीएसयू ऑयल कम्पनी की केवल एक रिटेल आउलेट/एसकेओ-एलडीओ डीलरशिप/एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप/आरजीजीएलवी की अनुमति दी जाएगी। परंतु ओएमसी के मौजूदा एसकेओ डीलर, जो विज्ञापन माह के पूर्व के 12 माह के दौरान प्रतिमाह 75 कि.ली. औसतन से कम एसकेओ के आवंटन पर प्रचालित हैं, वे व्यक्तिगत आवेदक की श्रेणी के तहत आवेदन के पात्र होंगे। और यदि उन्हें चुना जाता है तो उन्हें आरजीजीएलवी के लिए नियुक्ति पत्र जारी होने से पहले अपनी एसकेओ डीलरशिप अभ्यार्पित करनी होगी।

उपरोक्त मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप नियम एनडीएनई (नॉन डॉमेस्टिक नॉन इसेन्शियल) एलपीजी सिलिंडर के विशिष्टविपणन हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल विपणन कंपनियों द्वारा नियुक्त रिटेलर/डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी लागू होंगे. विवाहित व्यक्ति/आवेदक के मामले में, पारिवारिक इकाई में संबद्ध व्यक्ति, उसकी पत्नी/पति और उनके अविवाहित पुत्र (त्रों) और पुत्री (यां) शामिल होंगे । अविवाहित व्यक्ति/आवेदक के मामले में, पारिवारिक इकाई में संबद्ध व्यक्ति, उसके माता-पिता और उसके अविवाहित भाई (यों) और अविवाहित बहन (बहनें) शामिल होंगे। तलाकशुदा के मामले में पारिवारिक इकाई में संबद्ध व्यक्ति, अविवाहित पुत्र/अविवाहित पुत्री (यां), जिनकी अभिरक्षा का दायित्व उसे सौंपा गया है, शामिल होंगे। विधवा/विधुर के मामले में पारिवारिक इकाई, में संबद्ध व्यक्ति अविवाहित पुत्र/अविवाहित पुत्री (यां) शामिल होंगे।

(छ) आवेदक के पास विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर समापन शेष के रूप में न्यूनतम 4 लाख रु. की राशि होनी चाहिए. यह राशि बैंक/डाकघर में बचत खातों में, अनुसूचित बैंकों, डाकघर, सूचीबद्ध कंपनियों/सरकारी संस्थानों/ राज्य एवं केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मुक्त और गैर ऋण ग्रस्त सावधि जमा, किसान विकास पत्र, एनएससी, बाँड्स, सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर, सूचीबद्ध म्युचुअल फंड, यूलिप, पीपीएफ, जीवन बीमा पॉलिसियों के अभ्यर्पण मूल्य के रूप में कुल मिलाकर हो, जो स्वयं अपने नाम पर हों या "पारिवारिक इकाई" के परिवार सदस्यों, जैसा कि मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप मानकों में यथा परिभाषित है, जो आवेदक के पक्ष में उक्त परिसम्पत्तियों को लिखित रूप में बंधक रखते हैं।

'अनु. जाति/अनु.जनजाति' श्रेणी के तहत आरक्षित स्थानों के मामले में आवेदक के पास विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर समापन शेष के रूप में न्यूनतम 2 लाख रु. की राशि होनी चाहिए। यह राशि बैंक/डाकघर में बचत खातों में, अनुसूचित बैंकों, डाकघर, सूचीबद्ध कंपनियों/सरकारी संस्थानों/ राज्य एवं केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मुक्त और गैर ऋण ग्रस्त सावधि जमा, किसान विकास पत्र, एनएससी, बाँड्स, सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर, सूचीबद्ध म्युचुअल फंड, यूलिप, पीपीएफ, जीवन बीमा पॉलिसियों के अभ्यर्पण मूल्य के रूप में कुल मिलाकर हो, जो स्वयं अपने नाम पर हों या "पारिवारिक इकाई" के परिवार सदस्यों, जैसाकि मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप मानकों में यथा परिभाषित है, जो आवेदक के पक्ष में उक्त परिसम्पत्तियों को लिखित रूप में बंधक रखते हैं।

(ज) (1) उसके पास :

विज्ञापन में दिए आरजीजीएलवी स्थान पर 5000 कि.ग्रा. एलपीजी सिलिंडरों के भंड़ारण हेतु एलपीजी गोदाम बनाने के लिए न्यूनतम 21 मीटर x 26 मीटर आकार का ज़मीन का प्लॉट हो। गोदाम निर्माण हेतु न्यूनतम 21 मीटर x 26 मीटर आकार की शर्त पूरी न करनेवाले ज़मीन के प्लॉट को मान्य नहीं किया जाएगा।

अथवा

विज्ञापन में दिए आरजीजीएलवी स्थान पर 5000 कि.ग्रा. एलपीजी सिलिंडरों के भंड़ारण हेतु तैयार एलपीजी गोदाम/ज़मीन के प्लॉट या एलपीजी सिलिंडर रखने के लिए तैयार गोदाम में, सभी मौसमों में वाहन जाने योग्य सड़क (सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक सड़क से जुड़नेवाली निजी सड़क) होनी चाहिये। सार्वजनिक सड़क से जुड़नेवाली नीजि सड़क के मामले में यह आवेदक/परिवार के सदस्य की होनी चाहिए, जैसा नीचे वर्णित भूमि के स्वामित्व मानदंडों में ज(3) में परिभाषित किया गया है। उक्त निजी सड़क के संबंध में परिवार के सदस्यों के स्वामित्व/सह स्वामित्व के मामले में संबंधित परिवार के सदस्यों से स्वीकृति पत्र आवश्यक होगा।

(2) भूमि समतल होनी चाहिए, एक ही संलग्न प्लाट में होना चाहिए। लाइव ओवरहैड पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों अथवा टेलीफ़ोन लाइनों से मुक्त होना चाहिए। भूखंड में से पाइपलाइनें/नहर/ड्रेनेज/नाला आदि नहीं गुजरना चाहिए। एलपीजी गोदाम के निर्माण की भूमि के लिए लोक निर्माण विभाग, राजमार्ग प्राधिकरण/टाउन और कंट्री प्लानिंग विभाग आदि जैसे विभिन्न सांविधिक निकायों के मानक पूरे होने चाहिए।

(3) **स्वामित्व** का अर्थ है विज्ञापन अनुसार आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट तिथि पर आवेदक के नाम में अथवा मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप मानकों में यथा परिभाषित "पारिवारिक इकाई" में आवेदक/परिवार के सदस्य के नाम में या आवेदक के माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी के स्वामित्व वाली भूमि के स्वामित्व का स्पष्ट विलेख होना चाहिए। परिवार के सदस्य के स्वामित्व/सह-स्वामित्व के उपरोक्त मामले में, परिवार के सदस्य से नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र के रूप में सहमति पत्र लेने की आवश्यकता होगी।

(4) भूमि पर आवेदक/पारिवारिक इकाई के संयुक्त स्वामित्व के मामले में, (जैसा कि मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप मानको में यथा परिभाषित) माता-पिता और दादा-दादी और नाना-नानी के साथ अन्य कोई व्यक्ति तथा आवेदक/पारिवारिक इकाई/माता-पिता और दादा-दादी/नाना-नानी के नाम पर भूमि के भाग के मामले में आवश्यक माप सहित भूमि की आवश्यकताएं पूरी होनी चाहिए और इसके बाद गोदाम के लिए भी भूमि की पात्रता पूरी होनी चाहिए जो अन्य स्वामियों से नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र के रुप में "अनापत्ति प्रमाणपत्र" जमा करने के अधीन होगी।

(5) यदि आवेदक के पास विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की तिथि पर 5000 कि.ग्रा. एलपीजी सिलेंडर के भंडारण के लिए गोदाम के निर्माण हेतु पर्यात साइज का एक से अधिक भूखंड या 5000 कि.ग्रा. क्षमता के एलपीजी सिलेंडर के भंडारण का तैयार गोदाम हो तो इसके विवरण आवेदन में भी दिए जा सकते हैं ।

(झ) व्यापार को चलाने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ होना चाहिए।

(ञ) उसपर किसी आपराधिक मामले, जिसमें नैतिक दुराचार/आर्थिक अपराध शामिल हैं, के लिए किसी कानूनी न्यायालय द्वारा न तो उसे दोषी करार किया गया हो और न ही कानूनी न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ कोई आरोप तय किया गया हो।

(ट) उसने किसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप/डीलरशिप करार हस्ताक्षर ना किए हों जिसे किसी ऑयल कम्पनी द्वारा सिद्ध किए गए कदाचार/अपमिश्रण के मामले के आधार पर करार को निरस्त कर दिया गया हो।

4. **विभिन्न श्रेणियों के लिए विशिष्ट पात्रता मापदंड :**

**4.1 मुख्य आरक्षण श्रेणियों के लिए विशिष्ट पात्रता मापदंड :**

**क.** सामान्य पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले प्रत्याशी 'खुली' श्रेणी का अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।

**ख. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी (एससी/एसटी) :**

भारत के संविधान के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त जाति/जनजाति के आवेदक इस हेतु पात्र होंगे। आवेदकों को अपने आवेदन के साथ भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि प्रत्याशी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित है। चयनित प्रत्याशी जो अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी में चयनित हुआ हो उसे ड्रा का रिजल्ट घोषित होने के 90 दिवस के अंदर संबंधित राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा मूल जाति प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

**ग. अन्य पिछड़ा वर्ग :**

भारत के संविधान के तहत भारत सरकार (केंद्र सरकार) द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में माने गए प्रत्याशियों को पात्रता होगी। प्रत्याशियों को अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी होने का प्रमाणन करते हुए भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी की ओर से जारी प्रमाणपत्र अपने आवेदन के साथ जमा कराना होगा कि प्रत्याशी अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित है जो भारत सरकार (केंद्र सरकार) द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना/प्रस्ताव द्वारा अ.पि.व. के रूप में मान्यताप्राप्त है। अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र के साथ प्रत्याशी को यह वचन भी देना होगा कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का है और नॉन क्रीमी लेयर स्थिति को पूरा करता है। विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) की सूचना में उल्लेखित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को प्रत्याशी की अन्य पिछड़ा वर्ग स्थिति यह निर्धारित करने के लिए भी निर्णायक मानी जाएगी कि प्रत्याशी क्रीमी लेयर में नहीं आता है इसका सत्यापन किया जाएगा।

**4.2 विभिन्न उप-श्रेणियों के लिए विशिष्ट पात्रता मापदंड :**

**क) सरकारी (केन्द्रीय और राज्य और सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (केन्द्रीय और राज्य) – (जीपी) :**

"एससी/एसटी" "अन्य पिछड़ा वर्ग" और "खुली" श्रेणी के तहत पात्र आवेदक, जैसा उपरोक्त पैरा 4.1 में निर्दिष्ट किया गया है, वे निम्नलिखत शर्तें पूरी करने पर संबंधित "जीपी" उप श्रेणी के तहत आरजीजीएलवी के लिए आवेदन कर सकते है :

**1. रक्षा कार्मिक श्रेणी (डीपी) :**

रक्षा कार्मिक का अर्थ है सशस्त्र सेनाओं (अर्थात आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) के कार्मिक और इसमें मारे गए कार्मिकों की विधवाएं/आश्रित, युद्ध में अपंग आश्रित, युद्ध में अपंग हुए/डयूटी के दौरान अपंग हुए कार्मिक/सशस्त्र सेनाओं के वे सदस्य जो आरोप्य कारणों से अक्षम हुए हों अथवा आरोप्य कारणों से शांति के दौरान अपंग हुए हों, उनकी विधवाएं/आश्रित भी शामिल होंगे। इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करने वाले प्रत्याशियों को पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्याशी को विज्ञापित किए गए आरजीजीएलवी, जिसके लिए उसने आवेदन किया है, के लिए प्रायोजित करने हेतु जारी किया पात्रता प्रमाणपत्र मूल रुप में प्रस्तुत करना होगा। एक आरजीजीएलवी के लिए जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र दूसरे आरजीजीएलवी के लिए वैध नहीं होगा और इसलिए प्रत्याशी को मौजूदा विज्ञाापन के अन्तर्गत विज्ञापित एक विशिष्ट स्थान के लिए प्रयोजित होने पर ही उस स्थान के लिए योग्य माना जाएगा। इस श्रेणी के तहत आवेदकों के पास लॉट के ड्रा के दिन पर भी डीजीआर से मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करने का विकल्प होगा। जबकि उक्त प्रमाणपत्र जमा करने पर ही उन्हें लॉट के ड्रा के लिए विचार में लिया जाएगा।

**2. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र कार्मिक श्रेणी :**

केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों तथा केंद्र/राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मी जो सेवा करते हुए अयोग्य या अक्षम हो गए हों, इस श्रेणी के तहत पात्र होंगे। ड्यूटी पर मृत्यू की स्थिति में, उनकी विधवाएं/आश्रित भी इस श्रेणी के तहत आवेदन के पात्र होंगे।

इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करने वाले प्रत्याशी को संबध्द संगठन/सरकारी विभाग से संबंधित प्रमाण पत्र जो उस कार्यालय के मुख्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया हो अथवा वह भारत सरकार के अवर सचिव के स्तर से कम के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित न किया गया हो, की प्रति संलग्न करनी होगी।

**ख) संयुक्त श्रेणी (सीसी)**

"अनु. जाति/अनु. जनजाति", "अन्य पिछड़ा वर्ग" और "खुली" श्रेणी के तहत पात्र आवेदक, जैसा उपरोक्त पैरा 4.1 में निर्दिष्ट किया गया है, वे निम्निलिखित शर्ते पूरी करने पर संबंधित "सीसी" उप श्रेणी के तहत आरजीजीएलवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**1. शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की श्रेणी (पीएच) :**

इस श्रेणी के अंतर्गत उन प्रत्याशियों को पात्र माना जाएगा जो आर्थोपेडिकली शरीर के ऊपरी हिस्से अथवा निचले हिस्से के न्यूनतम 40 प्रतिशत स्थायी (आंशिक) अक्षमता के शिकार होंगे अथवा शरीर के ऊपरी एवं निचले अंगों दोनों की 50 प्रतिशत स्थायी (आंशिक) अक्षमता से ग्रस्त होंगे।

इस प्रयोजन के लिए 'स्थायी शारीरिक विकलांगता को आंकने के लिए मैनुअल फॉर आर्थोपेडिक सर्जन में निहित मानकों जिनका प्रकाशन अमेरिकन अकादमी ऑफ आर्थोपैडिक सर्जन, अमेरिका द्वारा किया गया है और जिसके मुद्रण उनकी ओर से आर्टीफिशियल लिम्बस मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इंडिया, जीटी रोड, कानपुर द्वारा किया गया है, लागू होंगे। न्यूनतम 40 प्रतिशत अक्षमता वाले मूक, बधिर और नेत्रहीन व्यक्ति भी इस श्रेणी के अन्तर्गत सभी आरजीजीएलवी में आवेदन करने के पात्र होंगे। तथापि, पूरी तरह से नेत्रहीन व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करने वाले प्रत्याशियों को मेडिकल बोर्ड, जिसका गठन विभिन्न अक्षमताओं और पद्धतियों के प्रमाणन के मूल्यांकन के लिए दिशा निर्देश जो केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड जिसका गठन भारत के असाधारण राजपत्र, नई दिल्ली संख्या 154 दिनांक 13 जून, 2001 के अनुसार किया गया हो, से जारी एक प्रमाण पत्र (आवेदन फॉर्मेट में दिए गए मानक फॉर्मेट के अनुसार) प्रस्तुत करना होगा।

**2. उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी (ओएसपी) :**

निम्नलिखित व्यक्ति पात्र होंगे :

i) अर्जुन/खेल रत्न पुरस्कार विजेता

ii) ओलिम्पिक्स/एशियन/राष्ट्रमंडल खेलों तथा मान्यता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिपों में पदक विजेता

iii) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय चैम्पियनशिपों के अंतर्गत वरिष्ठ श्रेणी (पुरूष व महिला दोनों) में राष्ट्रीय चैम्पियन-प्रथम स्थान धारक

iv) राष्ट्रीय साहस पुरस्कार विजेता

इस श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदक को राष्ट्रीय चैम्पियनशिपों का आयोजन करने वाली मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय फैडरेशन (युवा कार्य एवं खेल विभाग, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) अथवा युवा कार्य एवं विभाग, भारत सरकार से प्राप्त प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।

**3. स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ) :**

स्वतंत्रता सेनानी का अर्थ है वे व्यक्ति जिनके पास ताम्र पत्र है और जिन्हें गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पेंशन मिलती है। इस श्रेणी के तहत आरजीजीएलवी के हेतु आवेदन करने वाले व्यक्तियों को स्वतंत्रता सेनानी होने के अपने ताम्र पत्र या प्रमाणपत्र या गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति पत्र के पालन में महा लेखाकार द्वारा जारी पेंशन आदेश की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी। शैक्षिक योग्यता और सामान्य पात्रता के तहत आयु के मापदंड भी स्वतंत्रता सेनानी श्रेणी पर लागू नहीं होगी।

**4.3 ओएमसी के विद्यमान एसकेओ डीलरों के लिए विशिष्ट पात्रता मापदंड :**

उपरोक्त पैरा 4.1 और 4.2 के तहत पात्र आवेदक, निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर संबंधित 'ओएमसी के एसकेओ डीलर' की श्रेणी के तहत आरजीजीएलवी के लिए आवेदन कर सकते है :

क) विज्ञापन के माह के तत्काल पहले के 12 माह के दौरान एसकेओ में प्रति माह 75 कि.ली. से कम के औसत आवंटन पर प्रचालित ओएमसी के मौजूदा एसकेओ डीलर केवल व्यक्तिगत आवेदक की श्रेणी के तहत आवेदन के पात्र होंगे। आवेदक को राज्य सरकार/संभाग/राज्य क्षेत्र/तेल कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय, जो भी लागू हो के आवंटन प्राधिकारी की ओर से उक्त आवंटन का प्रमाण अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा। मल्टीपल डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप मानक उक्त आवेदन पर लागू नहीं होंगे।

ख) एक भागीदारी फर्म या संस्था या कंपनी के रुप में प्रचालनरत एसकेओ डीलरों को आवेदन की पात्रता नहीं होगी।

ग) आवंटन के मामले में एसकेओ डीलर को आरजीजीएलवी के लिए नियुक्ति पत्र जारी होने से पहले अपनी एसकेओ डीलरशिप का अभ्यर्पण करना होगा।

घ) आयु और शैक्षिक योग्यता :

आयु : अधिकतम ऊपरी आयु सीमा – 60 वर्ष

शैक्षिक योग्यता : मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम दसवी कक्षा अथवा समकक्ष पास की हो।

ङ) आरजीजीएलवी के लिए आवेदन की पात्रता हेतु एसकेओ डीलर को विज्ञापन की तिथि से पूर्व पिछले 5 वर्ष के अंदर विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए कभी दंडित नहीं किया गया हो या उसकी डीलरशिप के खिलाफ विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों/डीलरशिप करार, कैरोसीन नियंत्रण आदेश या एस्मा के तहत कोई कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए।

च) उपरोक्त पैरा सं. 3 में निर्दिष्ट सामान्य पात्रता मापदंड एसकेओ डीलरों पर भी लागू होंगे।

5. **आवेदन पत्र** इस विज्ञापन में दिए गए निर्धारित फॉर्मेट के अनुसार सादे कागज पर (बेहतर होगा टाइप करके) भेजा जाना चाहिए।

6. **आवेदन पत्र प्रोसेसिंग शुल्क :** आवेदन पत्र ₹1000 (रुपए एक हजार मात्र) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रत्याशियों को मामले में (अनु.जा./अनु.जन.जा. का प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए) ₹ 500 (रुपए पांच सौ मात्र) के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ जमा किए जाने चाहिए।

7. **आरजीजीएलवी के लिए आवेदन पत्र** (इस विज्ञापन में दिए फॉर्मेट के अनुसार) सभी संलग्नकों सहित और पूरी तरह से भर कर तथा किसी अनुसूचित बैंक में आहरित डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से अप्रतिदेय शुल्क सहित इस प्रकार से भेजे जाने चाहिए कि वह नीचे दिए गए कार्यालय पते पर 21.10.2013 या उससे पूर्व अवश्य पहुंच जाए :

| विज्ञापित स्थान क्र. सं. से......तक | अनुसूचित बैंक द्वारा जारी डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के पक्ष में | देय स्थान | आवेदन पत्र और आवेदन शुल्क जमा करने हेतु कार्यालय पता |
|---|---|---|---|
| 1 से 22 एवं 45 से 51 | इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड | रायपुर | चीफ एरिया मैनेजर इण्डेन एरिया कार्यालय, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल भवन, राजीव गाँधी मार्ग, (व्हीआईपी रोड), पोष्ट – रविग्राम, तेलीबांदा, रायपुर, राज्य – छत्तीसगढ़, पिनकोड 492 006. |
| 23 से 33 एवं 52 से 54 | भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड | भोपाल | बीपीसी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर सिलेक्शन सेल, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, गौतम नगर, ऑफिस कांपलेक्स, प्रथम तल, भोपाल, पिनकोड 462 023. |
| 34 से 44 एवं 55 से 60 | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड | रायपुर | सीनियर रीजनल मैनेजर, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर एलपीजी रीजनल आफिस, मंदिर हासौद, पीओएल डिपो के पास, रायपुर, राज्य छत्तीसगढ़, पिनकोड 492 101. |

8. **चयन प्रक्रिया मापदंड :**

आरजीजीएलवी के लिए चयन उन सभी योग्य आवेदकों में से पहले ड्रॉ द्वारा किया जाएगा, जो विज्ञापित आरजीजीएलवी लोकेशन की ग्राम पंचायत के निवासी हो। यदि उस ग्राम पंचायत से कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं मिले या उस ग्राम पंचायत से पात्र उम्मीदवारों की सूची समाप्त हो जाए, तो ही विज्ञापित आरजीजीएलवी लोकेशन की तहसील के निवासी पात्र उम्मीदवारों की सूची से ड्रॉ आयोजित किया जाएगा।

पात्रता मापदंड पूरे करनेवाले सभी आवेदकों को ऊपर दिए वरीयता क्रम में ड्रॉ में शामिल होने की पात्रता होगी।

9. **शिकायत/शिकायत निवारण प्रणाली :**

किसी आवेदक के खिलाफ प्राप्त शिकायतों का निपटारा निम्नानुसार किया जाएगा :

क) शिकायतकर्ताओं को संबंधित तेल कम्पनी के पक्ष में ₹1000 का शिकायत शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रुप में शिकायत के साथ जमा करना होगा। जिन शिकायतों के साथ ₹1000 की राशि संलग्न नहीं होगी उनकी जांच नहीं की जाएगी।

ख) गुमनाम शिकायतों की सामान्यत: जाँच नहीं की जाएगी।

ग) आवेदकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच केवल तभी की जाएगी यदि आवेदक को ड्रॉ में चुना जाता है।

घ) शिकायतों पर विचार केवल तभी किया जाएगा यदि वह ड्रॉ के परिणाम घोषित होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर संबंधित तेल कंपनी के कार्यालय में प्राप्त होती है।

ङ) यदि चुने गए आवेदक के विरुद्ध ड्रॉ के परिणाम के घोषित होने के 30 दिनों के अंदर शिकायत प्राप्त होती है तभी इसकी जांच की जाएगी तथा उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

10. विस्तृत दिशानिर्देश जिसमें पात्रता मापदंड और चयन की प्रक्रिया निहित हैं, जिसे उपर्युक्त पैरा 7 में दिए पते पर ₹50 कीमत का डिमांड ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त किया जा सकता है। यह संबंधित तेल कम्पनियों की वेबसाइट www.iocl.com, www.ebharatgas.com, www.bharatpetroleum.in, www.hindustanpetroleum.com पर भी उपलब्ध है।

11. **आरजीजीएलवी के प्रचालन के लिए अपेक्षित बुनियादी मूल संरचना सुविधाएँ – एलपीजी स्टोरेज गोदाम तथा शोरुम :**

आरजीजीएलवी के लिए पेट्रोलियम विस्फोटक और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पी.ई.एस.ओ.) के मुख्य नियंत्रक से अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त स्टोरेज गोदाम की आवश्यकता होगी जहां एलपीजी के सिलेंडरो का भण्डारण किया जा सके। गोदाम के निर्माण के लिए कृपया उपरोक्त सामान्य पात्रता मापदंडों के 3ज (1) और (2) में उल्लेखित विवरण देखें। गोदाम के समीप 2.6 मीटर x 3 मीटर के शोरूम का निर्माण करने की जरूरत होगी अथवा इसे पास की मौजूद दुकान से भी चलाया जा सकता है जो उसी गाँव में गोदाम के स्थान से 500 मीटर की दूरी से अधिक पर स्थित न हो।

12. **कॉर्पस फंड योजना – अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षित आरजीजीएलवी स्थानों के लिए चुने गए प्रत्याशियों को वित्तीय सहायता :**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षित आरजीजीएलवी स्थानों के लिए चुने गए प्रत्याशी को संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा गोदाम/अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए एक लाख रुपया का आरक्षित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस राशि की वसूली, नीति के अनुसार, 14.2 कि.ग्रा. के सिलेंडरों पर वितरक के प्रति रिफिल कमीशन के 20 प्रतिशत के आधार पर की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित आरजीजीएलवी स्थानों के लिए संबंधित ऑयल कम्पनी आरजीजीएलवी के प्रचालन के लिए घटती हुई शेष राशि पर 11 प्रतिशत वार्षिक दर से पर्याप्त कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराएगी। कार्यशील पूंजी ऋण और उस पर लगने वाली ब्याज की राशि, दोनों की वसूली 100 समान मासिक किश्तों में की जाएगी और ये किश्तें आरजीजीएलवी की कमीशनिंग के 13वें माह से शुरू होंगी।

13. **व्यक्तिगत निगरानी :**

आरजीजीएलवी के लिए चुने गए व्यक्तियों को व्यक्तिगत तौर पर इसका प्रबंध करना होगा। वह किसी अन्य प्रकार का रोजगार लेने का पात्र नहीं होगा/होगी। यदि कोई चुना गया व्यक्ति पहले से ही रोजगार में है तो उसे अपने वर्तमान रोजगार से त्याग पत्र देना होगा और ऑयल कम्पनी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले नियोजक द्वारा स्वीकार किया गया त्याग पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुने गए व्यक्ति को ऑयल कम्पनी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा करना होगा कि वे निजी क्षेत्र में रोजगाररत नहीं है या वे राज्य/केंद्र सरकार से कोई वेतन/अनुलब्धि/परिलब्धि (पेंशन के अलावा) आहरित नहीं कर रहे हैं।

14. **आरजीजीएलवी को शुरू करना :**

चुने गए प्रत्याशियों के लिए विवरणों का फील्ड वेरीफिकेशन (एफवीसी) किया जाएगा और यदि प्रत्याशी द्वारा आवेदन में दी गई सूचना सही पाई जाती हैं तो आशय पत्र जारी किया जाएगा। चुने गए प्रत्याशी को ₹ 20,000 (बीस हजार) की राशि एफवीसी से पहले संबंधित तेल कंपनी के पास जमा करनी होगी। चयनित उम्मीदवार द्वारा यह राशि जमा न कराये जाने पर उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। प्रत्याशी द्वारा यदि आवेदन में झूठी/गलत/तोड़-मरोड़ कर जानकारी दी जाती है तो एफवीसी से पहले चुने गए प्रत्याशी का चयन रद्द करने के साथ यह ₹ 20,000 की राशि जब्त हो जाएगी। चुने गए प्रत्याशी जिन्हें आशय पत्र (एलओआई) जारी कर दिया गया है, उन्हें इसमें दी गई शर्तो और निबंधनों को पूरा करना होगा ताकि आरजीजीएलवी की कमीशनिंग निर्धारित समय के भीतर की जा सके। शुरु करने से पहले नियुक्ति पत्र दिया जाएगा और आरजीजीएलवी करार निष्पादित किया जाएगा। इस करार की आरंभिक अवधि शर्तो और नियमों के तहत 5 वर्ष के लिए होगी, तत्पश्चात हर पांच वर्ष के बाद इसे निगम के स्वनिर्णय पर प्रचालित दिशा निर्देशों के संदर्भ में नवीनीकृत किया जा सकेगा।

15. **प्रतिभूति जमा :**

नियुक्ति पत्र जारी होने से पहले चुने गए प्रत्याशी को संबंधित तेल कंपनी के पास ₹ 2 लाख (दो लाख रुपया) की ब्याज रहित प्रतिदेय प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी। चुने गए प्रत्याशी से फील्ड वेरिफिकेशन (एफवीसी) से पहले ली गई ₹ 20,000 (बीस हजार रुपया) की राशि इस जमा के प्रति समायोजित की जाएगी।

संबंधित तेल कंपनी को त्याग पत्र/समाप्ति के समय इस राशि में किसी देय राशि का समायोजन करने का अधिकार होगा। परंतु सिध्द कदाचार के आधार पर आरजीजीएलवी के समाप्ति के मामले में कथित प्रतिभूति जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।

16. **सामान्य :**

क) कम्पनी के पास कोई भी कारण बताए बिना अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने/संशोधित करने अथवा निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने का अधिकार होगा।

ख) एक प्रत्याशी द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए आवेदन दिया जा सकता है, प्रत्येक स्थान के संबंध में प्रत्येक मामले के लागू आवेदक शुल्क सहित अलग आवेदन पत्र दिया जाना चाहिए।

ग) आवेदक एक स्थान के लिए केवल एक ही आवेदन कर सकते हैं। यदि एक व्यक्ति से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो उन्हें समाहित करके एक ही आवेदन माना जाएगा और अन्य सभी आवेदनों का शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

घ) आरजीजीएलवी के लिए आवेदन पत्र विज्ञापन में दिए गए फॉरमॅट के अनुसार सादे कागज पर साफ-साफ लिखकर अथवा टाइप करके जमा किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन पत्र के सभी पृष्ठों, संलग्न किए गए शपथ पत्रों सहित प्रत्येक पृष्ठ पर, पृष्ठसंख्या डालनी होगी और अपने हस्ताक्षर करना होगा। सभी शपथ पत्रों को आवेदन पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न करना होगा।

शेष अगले पृष्ठ पर...

पिछले पृष्ठ का शेषं भाग...

ङ) केवल वे दस्तावेज जो आवेदन पत्र में मांगे गए हैं, आवेदन के साथ जमा किए जाए। आवेदन के साथ संलग्न अन्य किसी दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा।

च) डाक में देरी सहित अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

छ) 'खुली' श्रेणी के अंतर्गत विज्ञापित स्थानों को छोड़कर अन्य के लिए पात्रता प्रमाणपत्र आवेदन के साथ अवश्य जमा करना होगा । जबकि रक्षा कार्मिक श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों के पास ड्रॉ के दिन भी डीजीआरसे मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करने का विकल्प होगा।

ज) यदि आवेदन पत्र में दी गई कोई जानकारी अथवा उसके साथ संलग्न किए गए दस्तावेज में या आवेदन पत्र के संदर्भ में बाद में किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई कोई जानकारी छुपाई गई हो/गलत रुप से पेश की गई हो/गलत या झूठी पाई जाती है जो योग्यता पर प्रतिकूल असर डालती हो तो आवेदन पत्र को कोई कारण बताए बिना निरस्त कर दिया जाएगा और यदि आवेदक को आरजीजीएलवी के रूप में नियुक्त कर लिया जाता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। ऐसे मामले में उम्मीदवार/आरजीजीएलवी संबंधी ऑयल कंपनी के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(झ) आवेदक को आवेदन पत्र के विभिन्न मदों में माँगी गई सभी जानकारी देनी चाहिए। यदि चुना जाता है तो आवेदक को सत्यापन के समय आवेदन में दी गई जानकारी के समर्थन में सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सत्यापन के समय इन दस्तावेजों को मूल रूप से प्रस्तुत न कर पाने पर आवेदक का चयन निरस्त हो जाएगा एवं आवेदक द्वारा एफवीसी के पूर्व जमा की गई राशि ₹ 20,000/– जब्त हो जाएगी।

(ञ) विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को भेजे जाने वाले लिफाफे पर साफ-साफ अक्षरों में निम्न प्रकार से लिखा जाए यह आवेदन पत्र ...................(ऑयल कम्पनी का नाम) की ..........................स्थान के लिए 'राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक' हेतु है।

(ट) यह पूर्णत: एक व्यापारिक प्रस्ताव है और संबंधित ऑयल कम्पनी में किसी नौकरी के लिए आवेदन नहीं है और इसमें सामान्य व्यापार के जोखिम हैं और यह किसी प्रकार के निश्चित लाभ अथवा प्रतिलाभ की गारंटी नहीं देता यह केवल आवेदन पत्र है और आरजीजीएलवी के लिए प्रस्ताव नहीं है।

**(नीले/काले बाल पोइंट पेन का प्रयोग करके स्पष्ट अक्षरों में फार्म भरें)**
**अभ्यर्थी कृपया आवेदन करने से पहले सामान्य अनुदेश पढ़ें।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कार्यालय उपयोग हेतु** आवेदक द्वारा न भरा जाए | कार्यालय कोड | क्रम संख्या | आवेदन प्राप्त होने की तिथि (दि न मा स व र्ष) | चिपकाएं हाल ही का पासपोर्ट साईज़ फोटोग्राफ नमूना हस्ताक्षर सहित जो फोटोग्राफ के आर–पार जाता हुआ हो |
| **राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक (आरजीजीएलवी) के लिए आवेदन** | | | | |
| कृपया अपने स्थान की तेल कंपनी का नाम लिखें (बीपीसी या आईओसी या एचपीसी) | | | | |
| **आवेदन शुल्क का विवरण** | | | | |
| **डिमांड ड्राफ्ट नंबर** | | **दिनांक** दि न मा स व र्ष | | |
| **शाखा पर आहरित** (बैंक का नाम) | | **भुगतान योग्य** | | |
| **के पक्ष में देय** (तेल कंपनी का पूरा नाम) | | | | |

(एससी/एसटी आवेदकों को छोडकर सभी आवेदकों के लिए ₹1,000 (एक हजार ₹ मात्र) आवेदन प्रक्रिया शुल्क। एससी/एसटी अभ्यर्थियों हेतु प्रक्रिया शुल्क ₹ 500 (पांच सौ ₹ मात्र) एससी/एसटी प्रमाणपत्र संलग्न करने पर) ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **आरजीजीएलवी का नाम** | |
| 2अ. | **ग्राम पंचायत** | |
| 2ब. | **तहसील** | |
| 3. | **जिला** | |
| 4. | **राज्य** | |
| 5. | **श्रेणी** | |

**एससी/एसटी, एससी/एसटी (जीपी), एससी/एसटी (सीसी), ओबीसी (जीपी), ओबीसी, ओबीसी (सीसी), खुली (जीपी), खुली (सीसी) आवेदक कृपया पात्रता मापदंड में उल्लिखित विवरण के अनुसार अपने सक्षम प्राधिकारी से साक्ष्य के रूप में प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न करें । 'खुली' श्रेणी के अंतर्गत स्थानों के लिए लागू नहीं।**

| | | |
|---|---|---|
| 6. | **विज्ञापन की तिथि** | दिन दिन माह माह वर्ष वर्ष वर्ष वर्ष (कृपया यहाँ समाचार पत्र का नाम लिखें) |
| 7. | **आवेदक विवरण परिशिष्ट–क में दिए गए प्रारूप के अनुसार शपथ–पत्र संलग्न करें** | |
| 7.1 | **नाम** | प्रथम नाम / मध्य नाम / उपनाम |
| 7.2 | **पिता/पति का नाम** | श्री — पद / प्रथम नाम / मध्य नाम / उपनाम |
| 7.3 | **पता** | |
| | | **पिन कोड :** |
| | **मोबाइल नं.** | |
| | **टेलिफोन नं.** | **ई–मेल :** |
| 7.4 | **भारतीय नागरिक** | हाँ / नहीं |
| | **निवासी** | (गांव का नाम) |
| | **ग्राम पंचायत** | (ग्राम पंचायत का नाम) |
| | **तहसील** | (तहसील का नाम) |
| | **जिला** | (जिला का नाम) |
| | **राज्य** | (राज्य का नाम) |
| 7.5 | **लिंग** | पुरुष/महिला |
| 7.6 | **जन्म तिथि** | दिन दिन माह माह वर्ष वर्ष वर्ष वर्ष — **आयु** **वर्ष** **माह** **दिन** — **आवेदन की तिथि पर आयु** |
| 7.7 | **वैवाहिक स्थिति** | अविवाहित / विवाहित / विधवा / विधुर / तलाकशुदा — जो लागू नहीं हो उसे काट दें |
| 7.8 | **पति/पत्नी का नाम** (यदि विवाहित हैं) | |
| 8. | **शैक्षिक योग्यता (पात्रता मापदण्ड अनुसार न्यूनतम)** | |

| योग्यता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष |
|---|---|---|
| माध्यमिक अर्थात् दसवीं परीक्षा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से समकक्ष | 1. | |

**9.** **कृपया नीचे बिंदु 9 पर सचूना प्रदान करने से पहले सामान्य अनुदेश की मद संख्या 9 को पढें।**
"पारिवारिक इकाई के सदस्य"** में आवेदक/परिवार के सदस्य या आवेदक के माता–पिता और दादा–दादी/नाना–नानी के नाम पर विज्ञापन में दिए गए आरजीजीएलवी स्थान पर एलपीजी गोदाम के निर्माण/एलपीजी सिलेंडर भंडारण के तैयार गोदाम के लिए निम्नलिखित विवरण प्रदान करें । यदि यह भूमि आवेदक की पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी/नाना–नानी का नाम पर है तो परिशिष्ट–ख के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा करना होगा। यदि यह भूमि किसी अन्य व्यक्ति (यों) के साथ आवेदक की पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी/नाना–नानी के स्वामित्व में है और आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी/नाना–नानी के हिस्से वाली भूमि गोदाम की भूमि की आवश्यकताएं पूरी करती है तो परिशिष्ट–झ के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र के रुप में अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना हागो।

| भूस्वामी नाम | आवेदक के साथ संबंध | पंजीकृत विक्रय विलेख/उपहार दाखिल/नामांतरण की तिथि | एलपीजी गोदाम के लिए भूमिस्थल का (गांव के नाम सहित) पता | खसरा संका/सर्वे सं. | भूमि के आयाम* लंबाई (मीटर में) | भूमि के आयाम* चौड़ाई (मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

***स्वामित्व वाली कुल भूमि में से प्रस्तावित गोदाम के प्रयोजनार्थ उपयोग किए जानेवाले भूखंड के आयामों का उल्लेख करें।**
**टिप्पणी : (1) भूखंड 21 मी. × 26 मी. के न्यूनतम आयाम का न होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा।**
**(2) भूमि के दस्तावेज विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या उसके पूर्व के होने चाहिए तथा इनका सत्यापन फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान किया जाएगा।**

कृपया नीचे बिंदु 10 और 11 पर सूचना प्रदान करने से पहले सामान्य अनुदेश की मद संख्या10 और 11 को पढ़ें :

**10** **बैंक/डाक कार्यालय में बचत बैंक खाते में राशि** आवेदक और "पारिवारिक इकाई"*** के सदस्यों के नाम पर। "पारिवारिक इकाई"*** के सदस्य(यों) से परिशिष्ट–ख में दिए गए प्रारूप के आधार पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा किया जाए।

| क्रम संख्या | बैंक का नाम | बचत खाता संख्या | खाताधारकों के नाम | आवेदक के साथ संबंध | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | ₹ |
| 2. | | | | | ₹ |
| 3. | | | | | ₹ |
| 4. | | | | | ₹ |
| | | | | कुल | ₹ |
| | **शब्दों में कुल राशि : रुपये** | | | | |

**टिप्पणी : (1) प्रत्येक मामले में उपरोक्त घोषित राशि आवेदन जमा करने के निर्दिष्ट अंतिम तिथि जैसा कि विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) में बताया गया है पर, क्लोजिंग बैलेंस के अनुसार उपलब्ध होना चाहिए। इसकी जाँच, फील्ड वेरीफिकेशन में की जाएगी।**

**11** **सावधि जमा/एनएससी/शेयर/एमएफ आदि आवेदक और 'पारिवारिक इकाई'** के सदस्यों के नाम 'पारिवारिक इकाई'** के सदस्य (सदस्यों) द्वारा संलग्न प्रारूप परिशिष्ट–ख के अनुसार शपथ पत्र संलग्न किया जाए।**

| क्रम संख्या | निवेश – एफडी/एनएससी/पीपीएफ/शेयर्स/म्युचुअल फंड आदि का प्रकार | तिथि सहित संदर्भ संख्या | धारक (कों) का नाम | आवेदक के साथ संबंध | प्रारंभिक निवेश की राशि | आवेदन की तिथि को मूल्य (राशि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | ₹ |
| 2. | | | | | | ₹ |
| 3. | | | | | | ₹ |
| 4. | | | | | | ₹ |
| | | | | | कुल | ₹ |
| | **शब्दों में कुल राशि : रुपये** | | | | | |

**टिप्पणी : (1) प्रत्येक मामले में उपरो घोषित निवेश आवेदन जमा करने की निर्दिष्ट अंतिम तिथि, जैसा कि विज्ञापन या शुद्धिपत्र में (यदि कोई हों) बताया गया है, पर समापन शेष के अनुसार उपलब्ध होनी चाहिए तथा इनका सत्यापन फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान किया जाएगा। (2) उपरोक्त दर्शाया गया मूल्य (राशि) आवेदन की तिथि पर होनी चाहिए।**

| | | |
|---|---|---|
